## खबर संक्षेप

### किसानों को दी सोयाबीन तकनीक की जानकारी



**अमरवाड़ा।** जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के नेतृत्व में मानेगांव में विकसित कृषि भारत कार्यक्रम में जिले के कृषि विज्ञान केंद्र 2 के वैज्ञानिक श्री राउत की उपस्थिति में किसानों की खरीफ फसल मक्का ,सोयाबीन की तकनीकी जानकारी किसानों को दी जाएगी। अनुभागीय अधिकारी श्री सचिन जैन,SADO श्रीमती अनिता डहेरिया ,कृषि विभाग का मैदानी अमला, पशुपालन, उद्यानिकी,के साथ पंचायत विभाग,के अधिकारी भी होगा।

### योगेश मप्र थांगता एसोसिएशन में चयनित

**जुन्नारदेव।** थांगता फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल टेक्निकल,ऑफिशल,कोचेस ट्रेनिंग का आयोजन मणिपुर की राजधानी इंफाल जिले में 27 से 31 मई तक संचालित की गई थी जिसमें छिंदवाड़ा जिले के एक मात्र जुन्नारदेव शहर से थांगता मार्शल आर्ट्स खेल कोच योगेश रुखमांगद को मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन द्वारा चयनित किया गया था। योगेश ने संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि यह खेल भारतीय परंपरागत मणिपुरी थांगता मार्शल आर्ट्स खेल है इन 4 दिनों की ट्रेनिंग में वर्ल्ड थांगता फेडरेशन के अध्यक्ष ग्रैंडमास्टर डॉ. एच.प्रेमकुमार, श.श्यामानंद शगोलशेम, एच.किरनकुमार, कोच एस.टिकेन, ओ.बॉबी सिंह द्वारा थांगता मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। योगेश ने 4 दिनों की ट्रेनिंग में प्रतिदिन 12 से 14 घंटे की कड़ी मेहनत कर इस ट्रेनिंग के टेक्निकल,ऑफिशल,कोच तीनों विभाग में शानदार प्रदर्शन कर उत्तीर्णता प्राप्त कर प्रमाण पत्र हासिल किया। थांगता मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स में लगातार मेहनत कर सफलता प्राप्त करने पर मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन के महासचिव शिवेंद्र सिंह परमार बधाई दी है।

### गृह विभाग के उप सचिव गढ़पाले ने कलेक्टर को जारी किए जांच के आदेश

# फर्जी प्रमाण पत्र मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष पुन्हार की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिला पंचायत अध्यक्ष अगर फर्जी जाति प्रमाण पत्र से चुनाव लड़कर सीट पर आसीन हुए है तो अब यह प्रमाण पत्र उन्हें जेल भी पहुंचा सकता है। विगत दो माह में कई बार हरिभूमि ने इस विषय को लेकर खुलासा किया था कि श्री पुन्हार का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है। परंतु समय के चक्र के साथ साथ दस्तावेजों का एकत्रीकरण हुआ और उन पर प्रशासनिक शिकंजा कसता चला गया। आज ग्रह विभाग के उपसचिव के पत्र ने यह तय कर दिया कि जांच तो होगी ही और सत्यता भी सामने आएगी। अगर दोषी पाए जाते है तो बड़ा मामला हो सकता है।

अब सबकी नजरें प्रशासन की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो संजय पुनहार का निर्वाचन रद्द हो सकता है और उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ सकती है। यह मामला न केवल कानूनी बल्कि राजनीतिक रूप से भी बड़ा मुद्दा बन सकता है।



छिंदवाड़ा में कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार के लिए मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उन पर फर्जी अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने का आरोप लगा है, जिसकी जांच के आदेश मुख्यमंत्री कार्यालय ने दिए हैं। शिकायतकर्ताओं नन्हेराम गोहिया और अन्य ने 16 अप्रैल 2025 को एक शिकायती पत्र सौंपा था, जिसमें आरोप लगाया गया कि संजय पुनहार ने कूटरचित एससी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि पुनहार अनुसूचित जाति से नहीं हैं और उन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर आरक्षित सीट से जिला पंचायत चुनाव लड़ा और जीते। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिए हैं कि वह नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करें और पूरी रिपोर्ट जल्द भेजें। गृह विभाग के उप सचिव डॉ. इक्षित गढ़पाले ने कलेक्टर को जांच के आदेश जारी किए हैं। संजय पुन्हार के विरूद्ध हाईकोर्ट में भी निर्वाचन रद्द करने के लिए शिकायतकर्ताओं द्वारा याचिका लगाई गई है। यही कारण है कि गृह विभाग और सीएम कार्यालय ने इस विषय को लेकर पत्राचार तेज कर दिया है। जल्द ही आने वाले समय में परिणाम देखने को मिलेंगे। इसका असर छिंदवाड़ा के राजनीति परिदृश्यों में भी पड़ने के आसार है क्योंकि जिला पंचायत अध्यक्ष का पद कांग्रेस से इस तरह जाता है तो यह कांग्रेस के लिए नुकसानदायक साबित होगा।

**इनका कहना है**

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार ने कहा कि उन्हें अभी तक कोई आदेश नहीं मिला है, लेकिन अगर ऐसा कुछ भी होता है, तो वे हाई कोर्ट जाएंगे।

### विद्यार्थियों को नीट के परिणाम का है इंतजार

## मिडास के बच्चों ने जेईई एडवांस 2025 की परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मिडास कोचिंग संस्था के निशिद खंडाग्रे ने ऑल इंडिया रैंक (AIR) 4937 एवं category रैंक 962 लाया है जो की सौंसर के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है और इनके साथ साथ क़रीब 11 बच्चों ने एडवांस की परीक्षा को क्वालीफ़ाई कर मिडास संस्था के साथ साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है। तन्मय वानखेड़े ने ऑल इंडिया रैंक 11844 एवं category रैंक 2785 है, वही धवल ने AIR 11905 एवं category रैंक 1526 , हमांशी ने AIR 12362 , कृष्णा ने AIR 20654 एवं Category रैंक 5537, सुजल ने AIR 28590 एवं Category रैंक 8093, प्रज्ञ ने 89 रैंक, मंथन ने 3894 रैंक, आर्यन ने 4590 रैंक, तेजस ने 4241 रैंक और निधि ने 2824 ऑल इंडिया रैंक हासिल कर पूरे पांढुर्णा-छिन्दवाड़ा ज़िले का नाम रोशन किया है। संस्था के सभी शिक्षकगण आईआईटी से पढ़े हुए और अनुभवी है एवं सौंसर में पढ़ाई का बहुत ही उत्तम महोल है जिसके वजह से हमेशा से मिडास के बच्चों ने परचम लहराया है। जब की NEET का परिणाम अभी आना बाक़ी है। सभी बच्चों को पूरे मिडास परिवार के तरफ से बधाई दी गई।

## नवेगांव में ट्रेन की चपेट में आने से चार गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



लापरवाह पशुपालकों के कारण बार बार टल रहा है रेल हादसा, कभी भी घटित हो सकती है बड़ी रेल दुर्घटना कल दिनांक 4/6/2025 को नवेगांव के पास शाम 5:30 बजे छिन्दवाड़ा से चौरई आ रही ट्रेन के सामने अचानक ट्रैक पर चार गायों के आ जाने से उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई है! जिसमें पशुपालकों की लापरवाही सामने आ रही आम तौर पर देखा जाए तो चौरई के आस पास इस तरह की लगभग तीन चार घटनाएं घटित हो चुकी है जो कि आवारा पशुपालकों की लापरवाही से बार बार रेल दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। अगर आवारा पशुपालकों को लगाम नहीं लगाया गया तो शहर के आसपा कभी भी बड़ा रेल हादसा होने की संभावना है।

## करेंट से किसान की मौत



**पांढुर्ना।** विकासखंड के ग्राम खंबारा में कल रात करेंट लगने से किसान सुदेश भलावी आयु 32 की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान कल रात्रि लगभग 10 बजे पानी खींचने की घरेलु मोटर को चालू करते समय यह हादसा हुआ। इस घटना के बारे में थाना प्रभारी अजय मरकाम ने कहा कि मोटर चालू करने के दौरान केबल कटा हुआ होने से किसान को करेंट की चपेट में आ गया। इस घटना के तत्काल बाद किसान के परिजनों ने उसे यहां के सिविल अस्पताल में लाया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत बताया।

### किसान के खेत से 18 क्विंटल गेहूं चोरी

**पांढुर्ना।** स्थानीय रामशांति स्कूल के पास एक किसान राजेश भांगे के खेत में स्थित मकान से 18 क्विंटल गेहूं चोरी होने का मामला उजागर हुआ है। किसान ने पुलिस को बताया कि उसके कोठे में बोरियों में भरकर 18 क्विंटल गेहूं रखा था। पडोसी किसानों के अनुसार रात्रि में लगभग तीन-चार बजे पिकअप वाहन आया जिसमें चोरी का गेहूं ले जाए जाने की शंका जाहिर की गई है।



## बकरीद पर गौवंश हत्या पर कठोर कार्यवाही की मांग, बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा :** गौ वंश हत्या व गौ वंश तस्करी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही निश्चित करने आज बजरंगदल कार्यकर्ताओ द्वारा बकरी ईद के पहले एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। और अपील की है कि ईद पर जहाँ भी संदिग्ध गतिविधि और गौ माता के जीवन को खतरा किसी धर्म विशेष के त्यौहार मनाने से हो। ऐसी जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासन त्वरित कार्यवाही करे कठोर कदम उठाये।

## विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रोपे पौधे



**छिंदवाड़ा। हरिभूमि न्यूज।** गुरूवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर निर्माणाधीन विहिप कार्यालय छिंदवाड़ा मे पौधारोपण विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया। साथ ही वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होते ही विहिप बजरंगदल प्रतिदिन स्थायी स्थानों, छिंदवाड़ा कि विलुप्त होती नदियों के किनारे, प्रतिदिन वृक्षारोपण करेगा। साथ ही छोटे जंगलो कि संज्ञा के साथ त्रिवेणी आवला, नीम, पीपल अधिक से अधिक लगाकर जो कि ऑक्सीजन व पर्यावरण को शुद्ध करे ऐसे पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प विहिप बजरंगदल ने लिया।

## संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक द्वारा दी गई किसानों को जानकारी

### ग्राम बरारिया में किसान संगोष्ठी का आयोजन, बड़ी संख्या में मौजूद रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

खेतों में लगातार रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने से भूमि की उर्वरकता शक्ति कम हो रही है । गोबर खाद और केंचुआ खाद का उपयोग करने से फसल की अच्छी पैदावार के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद होती है , खरीफ की फैसल मक्का की फैसले लेने के लिए आधुनिक तकनीकी का उपयोग किया जाना चाहिए , उक्त उद्बोधन कृषि विज्ञान केंद्र देलाखरी प्रमुख डॉक्टर आर एल राउत , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत बरारिया में आयोजित किसान संगोष्ठी में जानकारी दी ।

किसान संगोष्ठी की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा पूजन अर्चन के बाद की गई । वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनायक नागदेवने ने कृषि क्षेत्र में रासायनिक खाद के उपयोग से भूमि की उर्वरकता शक्ति कम होने और,भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ाने के लिए गोबर खाद का उपयोग किया जाना चाहिए , उन्होंने किसानों की द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए उनकी समस्याओं का निदान किया।विकासखंड तकनीकी प्रबंधक अमित बघेल ने भी पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक खेती पर ध्यान देने की बात कही ।

श्री राउत ने किसानों को खेती करने में आ रही समस्याएं सुना और सब्जी की फसलों में कीटों का प्रकोप से बचाव से संबंधित जानकारी दी किसानो की समस्याओं के विषय में जानकारी ली उनका समाधान भी बताया , प्राकृतिक खेती करने और संतुलित पोषण तत्वों कै प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की गई। मिट्टी परीक्षण करके कार्बनिक पदार्थ की मात्रा को बढ़ाने के लिए किसानो को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## अस्पताल के गार्ड करते हैं पोस्टमार्टम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया अस्पताल में पदस्थ गार्ड पोस्टमार्टम करने के लिए मृतक के परिजनों से पैसा मांगते हैं । इस बात का खुलासा नगर पालिका अध्यक्ष परासिया विनोद मालवीय के द्वारा कलेक्टर को कार्रवाई के लिए लिखे गए पत्र से हुआ । नपा अध्यक्ष में मोक्ष धाम सेवा समिति के लोगों द्वारा उनसे यह शिकायत किए जाने का हवाला देते हुए कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है ।गौरतलब है, कि परासिया वार्ड क्रमांक 7 मोक्षधाम समिति से जुड़े रिंकू घोरके , अखिलेश सोनी , आकाश माहौरे , मनोज यादव , मयूर देशमुख , गोलू मालवीय और विवेक माहौरे ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय को ज्ञापन देकर शिकायत की है कि परासिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गार्ड के पद पर सदस्य रवि और राजेश पोस्टमार्टम का कार्य भी करते हैं , लेकिन यह लोग पोस्टमार्टम के लिए मृतकों के परिजनों से पैसा मांगते हैं । मोक्षधाम सेवा समिति के लोगों ने अध्यक्ष से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करने की मांग रखी । इसके बाद अध्यक्ष श्री मालवीय ने कलेक्टर को पत्र लिखकर ज्ञापनदाताओं की शिकायत का हवाला देते हुए अस्पताल में पदस्थ उक्त दोनों कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने मांग रखी है । श्री मालवीय का कहना है , कि पोस्टमार्टम के लिए मृतक के परिजनों से पैसा मांगना अनुचित है । पहले से ही परिजन दुख में होते हैं ऊपर से पोस्टमार्टम के लिए पैसा मांगा जाना निहायत ही बुरी बात है ।

## खनिज निरीक्षक ने बिना रॉयल्टी गिट्टी ले जा रहा ट्रैक्टर पकड़ा

### क्रेशरों के भौतिक सत्यापन से उजागर होगा रॉयल्टी चोरी एवं अवैध उत्खनन का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील के पांडू पिपरिया, बिजोरी, साजकुही, जैतपुर पंचायत, के अंतर्गत खनिज विभाग की शर्तों के तहत खनिज नियमों का गिट्टी क्रेशर संचालन की अनुमति का खुला उल्लंघन क्रेशर संचालक करते चले आ रहे हैं। इसमें मनमाने तरीके से ब्लास्टिंग कर जलस्तर एवं कई प्रकार की भूमिगत हानी पहुंचाने के साथ ही मनमाने तरीके से ब्लास्ट कर पत्थर का मन चाहा उत्खनन खनिज निरीक्षक की मिली भगत एव तहसीलदार के संरक्षण में करते चले आ रहे हैं।

खनिज नियम का उल्लंघन कर अवैध कमाई करने के बाद भी इनका लालच कम नहीं हुआ तो यह गिट्टी की रॉयल्टी की भी चोरी करने लगे, जिसका समाचार हरिभूमि ने प्रकाशित भी किया था। तब खनिज निरीक्षक ने छिदी में एक बिना रॉयल्टी गिट्टी परिवहन करते टिप्पर पड़कर रेंज ऑफिस में खड़ा किया था जिससे सिद्ध हुआ था कि गिट्टी की रॉयल्टी चोरी क्रशर संचालक कर रहे हैं। रॉयल्टी चोरी करने का उद्देश्य वर्तमान में यह है कि निर्माण कार्यो एवं प्रधानमंत्री आवास में गिट्टी की मांग बढ़ गई।



जिस कारण क्रेशर संचालक 30 से 40 फीट तक गिट्टी बेचकर मनमाना मुनाफा तो कमा ही रहे हैं साथ में गिट्टी की रॉयल्टी चोरी वा दस्तूर जारी है जिसका खामियांजा गिट्टी खरीददार के वाहन को पकड़े जाने की स्थिति में भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही आज उदाहरण तामिया में पंचायत के स्वागत द्वारा के पास फासी ढाना का ट्रैक्टर बगैर रॉयल्टी के गोल्हानी क्रेशर से ले जा रहा था जिसे कुआं बदला की ओर से आ रही खनिज निरीक्षक स्नेह लता ठवरे ने ट्रैक्टर चालक से रॉयल्टी की पूछताछ की तो ट्रैक्टर चालक ने बतलाया कि गोल्हानी क्रेशर से बगैर रॉयल्टी के गिट्टी लेकर जा रहा हूँ जिसे खनिज निरीक्षक ने पड़कर तामिया थाने में खड़ा करवाया जिससे सिद्ध हो गया कि उल्लेखित ग्रामों के संचालक रॉयल्टी चोरी कर रहे हैं।

पकड़े गए ट्रैक्टर से स्वयं सिद्ध हो गया लेकिन खनिज विभाग का अपना नियम है कि वह केवल वाहन चालक पर ही प्रकरण बनाते हैं जबकि रॉयल्टी देना क्रेशर संचालक की अनुबंध शर्तों में शामिल है लेकिन वह साफ वच निकल रहे हैं और इसका खामियाजा वाहन मालिक को भुगतना पड़ रहा है। इस तरह गोल्हानी क्रेशर संचालक की रॉयल्टी चोरी का खामियाजा एक बार फिर गिट्टी खरीददार को भुगतना पड़ेगा, होना तो यह चाहिए कि जिस क्रेशर संचालक ने खनिज नियम का उल्लंघन किया है। उस क्रेशर को तुरंत सील किया जाए जिससे अन्य क्रशर संचालक रॉयल्टी की चोरी कर शासन को हानी ना पहुंच सके।

### वन विभाग ने कभी नहीं चलाया पर्यावरण जागरण अभियान

## चंद रुपयों की पत्तियों के लालच में देखने मिली पर्यावरण दिवस पर हानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आईये मिलकर प्रकृति का सम्मान करें जैसे नारों के साथ शुभकामनाएं प्रेषित सोशल मीडिया पर अपना शौक करने वाले पर्यावरण दिवस की सीख दे रहे हैं, लेकिन पर्यावरण का किस तरह नुकसान किया जा रहा है। इस और कोई भी प्रयासरत नहीं है क्योंकि यह जिम्मेदारी वन विभाग की जो बनती है जो कि पर्यावरण को बचाने के लिए बनाया गया है। लेकिन तामिया उप मंडल सहित तामिया रेंज में पर्यावरण की कितनी क्षति हुई है। इसके उदाहरण किसी भी बीट में मुख्य सड़क के किनारे आग से पौधौ के नष्ट हुए निशान देखे जा सकते है, वहीं जंगल के अवैध कटाई के बारे अब कहना बेमानी साबित हो रहा है क्योंकि जंगल कटाई पर नियंत्रण का नाम की चीज नहीं है। इस तरह पर्यावरण के रक्षक ही पर्यावरण के सबसे बड़े दुश्मन साबित हो रहा है लेकिन इससे भी आश्चर्य करने वाली बात यह है कि वन विभाग को जागरुक कर पर्यावरण के बारे में जानकारी देकर हरे-भरे पेड़ों को बचाने लोगों को जागरूक करना चाहिए लेकिन अभी तक ऐसी कोई कोशिश कहीं देखी नहीं गई। इसी अज्ञानता के चलते ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोग हरे-भरे पेड़ों की टहनियां काटकर पत्ती पाला से चंद रुपए कमाने के चक्कर में हरे भरे पेड़ों को नंगा कर रहे हैं। ऐसे दृश्य प्रति गुरुवार एवं रविवार को तामिया से परासिया के बीच में पत्ती पाला बेचने वालों को देखा जा सकता है जो भी पत्ती पाला बेचने परासिया के साप्ताहिक बाजार में बोलेरो वाहन दो पहिया वाहनों से जाते हैं जिनमें बरगद,ऊमर जामुन पीपल जो पौधे लगाए नहीं जा सकते हैं।



प्रकृति द्वारा दिए गए हैं उनको चंद रूपों की खातिर नष्ट कर रहे है, वहीं सवारी वाहनों में मैं सीट के अलावा केबिन के ऊपर भरकर ले जाते देखे जा सकते हैं। वहीं दो पहिया वाहन वाले भी परिवहन करने में पीछे नहीं है। चंद रूपयो की खातिर पर्यावरण को किस तरीके के हानि हो रही है। इसको रोकने के लिए वन विभाग के साथ पर्यावरण के नाम पर पौधारोपण करने वाले भी कभी नजर नहीं आए हैं।

इसलिए तामिया के जंगल का दायरा दिन प्रतिदिन सिमटता चला जा रहा है। इस ओर ना तो पर्यावरण प्रेमी ना हीं वन विभाग के द्वारा कोई जंगल के साथ-साथ पत्ती पाला के लालच में बेचने वालों को पर्यावरण संबंधित कोई जानकारी दी गई है, जिसका नतीजा आए दिन पेड़ों की टहनियों चंद रूपए के लिये कटते कम से कम तामिया में तो देखा जा सकता है कि पर्यावरण दिवस मनाने से नहीं पेड़ पौधे बचाने से पर्यावरण बचेगा। इसके लिए वन विभाग के अलावा प्रबुद्ध जनों को भी प्रयास करने होंगे।

## बिजली है या तमाशा, मेंटेनेंस के नाम पर हो रही कटौती से लोग परेशान

**न्यूटन / परासिया :** बीते कुछ समय से मेंटेनेंस के नाम पर हो रही बिजली कटौती से लोग इतने परेशान है , कि लोगों के मुँह से बिजली है या तमाशा शब्द अक्सर सुन ने को मिल रहा है । बिजली के बार - बार बंद होने से व्यवसायिक नुकसान भी हो रहा है ।पिछले कुछ समय से न्यूटन फीडर से जुड़े बिजली उपभोक्ता खासे परेशान हैं । विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर घंटो बिजली बंद रखी जा रही है । जिससे न सिर्फ घरेलु उपभोक्ता बल्कि व्यवसायिक उपभोक्ता भी परेशान हैं । वे उपभोक्ता जिनका व्यवसाय कोल ड्रिंक से जुड़ा है , उनके लिए बिजली का बार - बार बंद होना आर्थिक नुकसान का कारण बन रहा है । इसके अलावा अन्य व्यवसाय से जुड़े लोग भी प्रभावित हो रहे हैं । उपभोक्ताओं का कहना है , क्रज्यिादा समय बिजली बंद रहती है, उसके बावजूद भी बिल अधिक ही आ रहे हैं । बार - बार मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद रखी जा रही है । जबकि 8 से 10 दिनों में एक बार मेंटेनेंस होना चाहिए ।

### एसडीएम को ही ज्ञापन देने पर अड़े युकां नेता, अवैध धंधों को लेकर अधिकारियों को सुनाई खरी खोटी

# कांग्रेस नेताओं ने किसानों के लिए किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को तहसील कार्यालय परिसर में कांग्रेस नेताओं ने समर्थन मुल्य पर मुंग,तुअर, मुंगफल्ली की खरीदी क्षेत्र में फैले अवैध धंधों पर लगाम कसने की मांग को लेकर धरना विरोध प्रदर्शन करते हुए स्थानीय प्रशासन एवं भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया है। तहसील के उच्च अधिकारीयो के द्वारा ज्ञापन नहीं लेने आने के बाद में युवाओं के द्वारा सौसर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की है।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर की और से सात सूत्रीय मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को ज्ञापन सोपा गया।ज्ञापन में किसानों से समर्थन मुल्यपर मुंग की तत्काल खरेदी की जाये एवं बारीश के कारण मूंग की फसल बर्बाद हई है। उसका सर्वे कर शिघ्रता शिघ्र किसानों को मुआवजा दिया जायें।तुअर के गलत सर्वे



के कारण उत्पादन कम दिखाया गया, उत्पादित तुअर की भी खरीदी,सम्पुर्ण क्षेत्र में बिजली कटौती एवं ट्रिपींग हो रही है। उसे तत्काल बंद किया जायें एवं 3 एच. पी. के जगह 5 एच.पी. का बील दिया जा रहा है आदि मागे थी।

### खुलेआम चल रहा सट्टा जुआ पुलिस बनी मूकदर्शक: विधायक

रना आंदोलन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेद्र यमदे, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भगवतराव महाजन,पुनाराम बाविस्टाले,नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय ठाकरे,कांग्रेस प्रवक्ता विट्ठलरावजी महाले,कांग्रेस किसान प्रकोस्ट जिलाध्यक्ष दिलीप गुर्वे ने संबोधित करते हुए क्षेत्र में अवैध धंधे जुआ सट्टा दारु, किसाने की समर्थन मूल्य पर फसल खरीदने को लेकर पुलिस प्रशासन एवं भाजपा नेताओं पर जमकर भड़ास निकाली। आयोजन को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा सौसर क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे बड़े पैमाने पर सट्टे और जुए का कारोबार चल रहा है। और इन अवैध धदो से होने वाली कमाई अधिकारियों के द्वारा भाजपा नेताओं को पहुंचाई जा रही है। पटवारी के द्वारा सही ढंग से फसलों का सर्वे एवं पंजीयन नहीं करने के चलते किसानों को तुवर फसल बेचने को दिक्कते आ रही है।

### समन्वयक पद से भागवत महाजन ने दिया इस्तीफा

आंदोलन में भागवतराव महाजन ने कहा कि कांग्रेस संगठन का जन्म आंदोलन के लिए हुआ है। भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम आदमी और किसान परेशान है। कांग्रेस संगठन ने मुझे जिला कांग्रेस समन्वयक का पद दिया था जिससे मैंने इस्तीफा दे दिया हूं। क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण एवं किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा कांग्रेस संगठन के साथ में रहूंगा। इस दौरान कांग्रेस नेता गंगा प्रसाद तिवारी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष नानेश्वर गावंडे, विलास जोगी, पीपला नगर कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश चौधरी,गोपालराव कामोनें,डॉ राजेश सोमकुंवर, देवेन्द्र केदार,डॉ शिव सालोटकर,नीलिमा पाटिल,सतीश बोढ़खे,चंद्रशेखर गुर्वे,लक्ष्मण वाठ,प्रशांत महाले,प्रदीप इंगोले,शिवमोहन शर्मा,टेकचंद बोरकर,अमरीश जायसवाल,राजा बोढे,विलास बुले,दिनेश भोयर,आदि थे।

## एमपीपीएससी कोचिंग का संदीप मोहोड़ ने किया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतियोगियों को अब आसानी से सौसर क्षेत्र में एमपीपीएससी की कोचिंग प्राप्त होगी।जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के प्रयासों से गुरुवार को निशुल्क एमपीपीएससी कोचिंग का शुभारंभ किया गया।ग्वालवंशी जीएस सेंटर सौंसर में मां सरस्वती के प्रतिमा पूजन के साथ में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा कोचिंग का शुभारंभ किया गया। आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड ने कहा एमपीपीएससी बैंक रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपना लक्ष्य बड़ा रखकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। कोचिंग के माध्यम से आपको सुनहरा अवसर दिया जा रहा है जब आप अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। बच्चों ने अच्छे मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए और अपने मंजिल तक पहुंच कर अपने परिवार समाज और नगर का नाम रोशन करना चाहिए। इस दौरानभाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोरश्वर मर्सकोले, अरुण ठाकरे, मण्डल अध्यक्ष दर्शन झाडे, मोर्चा अध्यक्ष खैमराज सोनेकर, दिनेश भलावी,कोचिंग डायरेक्टर ग्वालवंशी,राजेंद्र भक्ते, विट्ठल बोबडे के अलावा बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राहगीर छाछ, जल और साहित्य सेवा से लाभान्वित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गौशाला खजरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आम राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु निःशुल्क छाछ का वितरण किया गया । आयुर्वेद में छाछ एक औषधि पेय है । इसके सेवन से गर्मी से राहत के साथ - साथ पेट के अनगिनत रोगों से भी छुटकारा मिलता है । समिति आम लोगों को स्वस्थ और निरोगी रखने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह सेवा करती हैं । समिति की यह गत 24 वर्षों की सेवा है । जिलेवासियों को वर्ष भर इस सेवा का इंतजार रहता है। श्री रामनवमी के पावन पर्व से प्रारंभ हुई यह सेवा ग्रीष्म ऋतु के अंत तक जारी रही ।

जिसमें प्रति रविवार बस स्टैंड के अलावा गुरैया सब्जी मंडी , लिंगा बस स्टैंड , हनुमान जयंती , शनि जयंती , महावीर जयंती , अक्षय तृतीया ,आदि त्योहारो पर भी छाछ वितरीत की । लिंगा आश्रम द्वारा बस स्टैंड पर जल प्याऊ की सेवा और अन्य जगह लगाए गए प्याऊ सेवा जिले भर में चर्चा का केंद्र रहे । समिति द्वारा छाछ सेवन करने वाले आम राहगीरों को आश्रम से प्रकाशित आध्यात्मिक पत्रिका ऋषि प्रसाद भी निःशुल्क भेंट की । प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ है कि छाछ , जल और सत साहित्य सेवा से लग्भग 1 लाख 67 हजार लोगों के लाभांवित होने की खबर है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पशु चिकित्सालय के उप संचालक डॉ. पक्षवार , डॉ. टांडेकर , जिला पंचायत की सदस्य ललिता घोंगे , जिला अंत्योदय समिति के पूर्व अध्यक्ष विलास घोंगे , सरपंच रूपेश कराड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , खजरी गौशाला के संचालक जयराम भाई , सुभाष इंगले , मुकेश राउत , अशोक कराडे , नारायण ताम्रकार , शंकर लाल झामनानी , कैलाश राउत , रामराव लोखंडे , गोवर्धन मालवीय , ओमप्रकाश डहेरिया ,बबलू सुरजप्रसाद माहोरे मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर थानाध्यक्ष व इंस्पेक्टर ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

विश्व पर्यावरण दिवस पर चौरई थाना परिसर में थाना प्रभारी गणपत सिंह उइके , इंस्पेक्टर आर के बघेल व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। थानाध्यक्ष ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कई तरह के फलदार पौधे लगाये गये।

### लॉ कॉलेज में पौधारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों ने प्रकृति संतुलन बनाने के उदेश्य से प्राचार्य डॉ बीके अकोदिया कि उपस्थिति मे पौधरोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण पखवाड़ा मानाने का संकल्प भी लिया गया।

## स्काऊट-गाईड ने प्रारंभ किया 3 दिवसीय जल सेवा शिविर



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं माध्यमिक शाला नेवरगांव वा के तत्वावधान में जल सेवा शिविर का आयोजन बस स्थानक चौक नेवरगॉव वा में किया गया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाला की गाइडर श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले, श्रीमती नीता जय सिंह बोपचे, मोहम्मद आरिफ खान, जिला काउंसलर हरिप्रसाद देशमुख और स्काउट गाइड के बहुत सारे बच्चों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर तीन दिवसीय बस स्थानक चौक नेवरगॉव वा में जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारत स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए उनके तक ठंडा पेयजल पहुंचाया जाता हैं, बस में आने जाने वाले राहगीरों को भी पानी पिलाने का एक पुनीत कार्य भारतीय स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा संचालित किया जा रहा हैं। जिसका 5 जून 2025 से शुभारंभ किया गया है, इस जल सेवा शिविर का समापन 7 जून 2025 को किया जाएगा। इस पुनीत कार्य को करने के लिए बच्चों में बड़ा उत्साह देखा जा रहा हैं। राहगीरों ने भी प्रसन्नता व्यक्ति की

### जिला दण्डाधिकारी ने न्यायालय में दिया फैसला

## वारासिवनी जनपद अध्यक्ष का निर्वाचन अमान्य व शून्य घोषित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा-36/40 सहपठित धारा 92 मध्यप्रदेश के तहत जनपद पंचायत क्षेत्र के.01 के निर्वाचन क्षेत्र का एक मामला जिला दंडाधिकारी प्रकरण प्रचलित था। इस मामलें में गुरुवार को जिला दंडाधिकारी श्री मृणाल मीना ने निर्णय दिया है। ज्ञात हो कि आलेझरी के जितेंद्र सिंह पिता दर्शन सिंह ने जनपद पंचायत वारासिवनी के पद पर हुआ निर्वाचन को अवैध एवं शून्य घोषित करते हुए पद से पृथक किये जाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इनके द्वारा मुख्य रूप से उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की घोषणा के पश्चात जनपद पंचायत वारासिवनी के क्षेत्र क्रमांक 01 से अनावेदिका श्रीमती माया उड़के पति श्री दिनेश कुमार उड़के निवासी ग्राम नांदगांव, पोस्ट कीचेवाही, तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार कलेक्टर जिला बालाघाट द्वारा निर्वाचन क्षेत्रवार आरक्षण संबंधी अधिसूचना जारी की गई, जिसके अनुसार जनपद पंचायत वारासिवनी के क्षेत्र क्रमांक 01 को अनुसूचित जनजाति (महिला) वर्ग के लिए आरक्षित पोषित किया गया। आवेदन में यह आरोपित किया गया है कि अनावेदिका द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को नाम निर्देशन पत्र के साथ आवश्यक जाति प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किया गया, अपितु एक झूठे शपथ-पत्र के माध्यम से स्वयं को अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य दर्शाते हुए चुनाव में भाग लिया गया तथा विजय प्राप्त की गई। इस संदर्भ में यह निवेदन किया गया है कि क्षेत्र क्रमांक 01, जनपद पंचायत वारासिवनी के सदस्य के रूप में तथा उस आधार पर अध्यक्ष, जनपद पंचायत वारासिवनी के रूप में अनावेदिका का निर्वाचन अमान्य एवं शून्य घोषित किया जाए।

जिला कलेक्टर व दंडाधिकारी श्री मीना ने मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 36(2) (क) के प्रावधानों के अनुसार अनावेदिका उक्त पद धारण करने के लिए पात्र नहीं माना। न्यायालय यह घोषित करता है कि अनावेदिका श्रीमती माया उड़के का निर्वाचन जनपद पंचायत वारासिवनी के क्षेत्र क्रमांक 01 के सदस्य के रूप में एवं तत्पश्चात अध्यक्ष, जनपद पंचायत वारासिवनी, जिला बालाघाट के पद पर विधिसम्मत अर्हताओं के अभाववश मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 36(3) के अंतर्गत निर्हरता के कारण अमान्य एवं शून्य घोषित किया जाता है। तदनुसार उक्त पदों को आदेश पारित होने की तिथि से रिक्त घोषित किया जाता है। साथ ही संबंधित प्राधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वह इन रिक्तियों के परिप्रेक्ष्य में पंचायत निर्वाचन नियमों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही संपादित करें।

## सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सांदीपनि टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण समारोह का आयोजन सुबह 11 बजे किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्रों के मन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता जगाना था, ताकि वह अपने आस-पास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित हो। कार्यक्रम का आरम्भ प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा भाषण से हुआ। जिसमें उन्होंने वृक्षों के महत्वों पर प्रकाश डाला। उसके बाद छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय के प्रांगण में बादाम, पीपल, करंज, ऑवला सहित अन्य छायादार वृक्ष का पौधारोपण किया। छात्रों से यह वचन भी लिया गया कि यथासंभव अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का प्रयत्न करेंगे एवं उनकी नियमित देखभाल करेंगे।

समारोह में शालेय परिवार से वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती एस.वड़ीचार, बलदेव मर्सकोले, श्रीमती उषा चौबे, श्रीमती अर्चना कानतोड़े, श्रीमती देवश्री चौधरी, श्रीमती भावना पटले, श्रीमती सोफिया अंसारी, श्रीमती सपना रूसिया, शरद सोनी, श्रीमती नीतू झोड़े, श्रीमती मीनाक्षी हटवार, राम चौहान, कमल टेम्भरे, राजेश डहारे, फूलचंद ठाकरे, राजेश सोनेकर संध्या पटले, रामलाल उईके, अनिल एड़े, अमित डोंगरे आदि उपस्थित रहे। जिन्होंने वृक्षारोपण के अवसर पर एक साथ ''हम हर दिन एक नया पेड़ लगायेंगे, पेड़ लगाओं जीवन पाओं, शुद्ध हवा का सुख उठाओं, पर्यावरण की रक्षा धरती की सुरक्षा'' के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### विधायक एवं जनपद उपाध्यक्ष भी रहे मौजूद, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान: ग्राम पंचायत टेडवा में लगाए गए पौधे

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण विभाग के सदस्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने मझौली राज्य स्थित भगड़ा भवानी मंदिर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किया गया है। इसी के तहत जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत टेडवा में 5 जून को ग्राम के बाजार चौक ओर शिवाजी चौक में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियौ एवं ग्रामीणों के साथ जनपद के अधिकारी ओर कर्मचारियों द्वारा आमजन से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि जल संरक्षण और हरित क्षेत्र का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार जनपद पंचायत लांजी के परिसर, वीरांगना अवंतीबाई स्टेडियम ओर नगर परिषद लांजी के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया है। जो पूरे क्षेत्र में आगामी 15 अगस्त तक निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। ग्राम सरपंच श्रीमती मीना मेश्राम ने कहा कि पेड़ों की संख्या कम होने पर वातावरण में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मानव जीवन के लिए जल एवं वायु दोनों आवश्यक है। वही कार्यक्रम में उपस्थित सीइओ जनपद पंचायत रामगोपाल यादव ने कहा कि 5 जुन को एक पेड मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर सुवस्थित ढंग से पौधों का रोपण कराया जा रहा है, ताकि पौधे जीवित रह



सकें। पौधरोपण के साथ उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है। पौधरोपण आज की आवश्यकता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान को जनता ने पूरे उत्साह के साथ अपनाया है और यह अभियान लगातार एक नई हरित क्रान्ति का रूप ले रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम रावते, जनपद पंचायत सीईओ रामगोपाल यादव, जनपद सदस्य श्यामलाल बेदरे, सरपंच श्रीमती मीना मेश्राम, जनपद सदस्य रेवाराम कराहटकरे, पंचायत समन्वयक अधिकारी सुनीता तिवारी, एसडीओ तारेंद्र परते, खंड पंचायत अधिकारी वेणेश्वर बिसेन, सचिव युगलदास बोहने, रोजगार सहायक राजेश ठाकरे, पूर्व सरपंच लक्ष्मण नाकतोड़े, पटवारी कुमारी निराली बिसेन, इंजीनियर दीपक रामटेके, ग्राम पंचायत टेडवा के समस्त पंचगण तथा समूह की दीदी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गायत्री जयंती एवं गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 3 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ में 5 जून को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को गायत्री जयंती (गंगा दशहरा) एवं गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 3 कुण्डीय गायत्री यज्ञ कर मनाया गया। इस संबंध में शास्त्रों में ऐसा उल्लेख है कि इस दिन भागीरथ की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। तब से यह मान्यता चली आ रही है कि जो व्यक्ति इस दिन भक्ति भाव पूर्वक भागीरथी में स्नान करता है उसके दस तरह के पाप नष्ट हो जाते है, इसलिए इसे गंगा दशहरा भी कहा जाता है। दूसरा महत्व यह है कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को 2 जून 1990 को परमपूज्य गुरूदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्यजी का महापरिनिर्वाण हुआ था। इन दो महत्वपूर्ण तिथियों के कारण यह पर्व सनातन धर्मावलंबियों गायत्री परिवार से जुड़े लोगो द्वारा मनाया जाता है। पर्व के चलते गायत्री मंदिर लांजी में प्रातः6 बजे से जप, ध्यान, साधना पश्चात 10 बजे से 3 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ किया गया जो कि 1.30 बजे तक चलता रहा।

नगर के गायत्री मंदिर में प्रमुख ट्रस्टी के साथ ही विधायक राजकुमार कर्राहे, मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, पार्षद किशोर रामटेककर व गायत्री परिवार से जुड़े लोगो ने पहुंचकर यज्ञ में आहूतियां दी। इस दौरान गुरूदीक्षा एवं जनेऊ संस्कार अक्षय सहारे पूर्वाटोला एवं पुरूषोत्तम नेवारे का हुआ।



आरती एवं समापन के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। गायत्री परिवार के ट्रस्टी यशवंत राव बनोठे, डॉ छबीलाल मरठे, कवनलाल लिल्हारे, डॉ प्रहलाद बाहे की टोली द्वारा यज्ञ सम्पन्न कराया गया। अंत में आरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सभी ट्रस्टीगण, वरिष्ठ परिजन तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहन उपस्थित थे। जिनमें सूरजलाल बिलावर, पी एल जैतवार, लिलेश्वर खानोरकर, श्यामलाल पाण्डे, रामदयाल बड़गैया, जी डी बेदरे, घनश्याम रामटेककर, धनीराम सोनवाने, दुलीचंद राऊत, राजहंस टेंभरे, लोकराम भोंडेकर, चंदनलाल किरनापुरे, इठ्ठोबा ब्रम्हपुरे, दुलीराम आसटकर, सतीश बड़गैया, सुखचरण नेवारे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सैनिक एकेडमी के प्रशिक्षण केन्द्र में ड्रेस कोड व सिम्बाल चिन्ह का किया गया विमोचन

**वारासिवनी।** सेना में भर्ती हेतु संचालित प्रशिक्षण केन्द्र सावकार मेरिज गार्डन मेंहदीवाड़ा में सैनिक एकेडमी का भव्य समारोह सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पूजन अर्चन व माल्यार्पण के साथ सौहाद्र्रपूर्ण वातावरण में हुआ। जिसमें मंचासीन सैनिकों का स्वागत अभिनंदन के बाद अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के हस्ते एकेडमी का सिम्बाल चिन्ह का विमोचन एवं ड्रेस कोड की घोषणा की गई। इस अवसर पर सेना में भर्ती हेतु प्रशिक्षण केन्द्र के फिजिकल फिटनेस विशेषज्ञ वीर सैनिक सुरेन्द्र बिसेन ने अपने उद्बोधन में बताया कि रोजगार के अवसर तलाशने, देश भक्ति जन सेवा के क्षेत्र में अग्निवीर जल, थल, नभ में एवं बाह्य विदेशी आक्रमणों से सीमाओं की सुरक्षा एवं आंतरिक देश के भीतरी भागों में सुरक्षा, शांति, कानून की व्यवस्था बनाने में पुलिस विभाग में सीधी भर्ती हेतु युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान की शुरुआत सैनिक एकेडमी में 2 अप्रैल 25 से की गई थी।

## तिंदुआ बम्हनी में गौहत्या के अवशेष मिलने से आक्रोश

# ज्ञापन सौंप ग्रामीणों ने दी चेतावनी 24 घंटे के अंदर गौ माता के हत्यारे नहीं पकड़े गये तो होगा चकाजाम

**सिवनी जिले की सीमा से लगे तिंदुआ बम्हनी (मंडला) ग्राम के नजदीक 4 जून बुधवार को गौवंश हत्या की आशंका के चलते मौके पर भिलाई ग्राम के लोग सुबह -सुबह बड़ी संख्या में पहुंचे जहां पर गौवंश के अवशेष दिखने के उपरांत पुलिस को इसकी सूचना दी गई।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

घटना के विरोध में बड़ी संख्या में किंदरई थाना अंतर्गत ग्राम भिलाई सहित आसपास के गौरक्षाक इकट्ठा हुये तथा घंसौर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार घंसौर को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि सिवनी जिले की सीमा पर ग्राम भिलाई से सटे ग्राम तिन्दुआ बम्हनी जिला मंडला अंतर्गत दिनांक 03 जून 2025 को रात्रि लगभग 08 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गौ हत्या की गई है जिसकी सूचना सुबह 10 बजे ग्राम भिलाई के रहवासियों सहित आसपास के क्षेत्र में मिलते ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। वहीं घटना की सूचना पुलिस चौकी प्रभारी पिंडरई को दी गई जहां प्रभारी मौके पर पहुंचे, बताया गया है कि लच्छी इमली टोला की भूमि पर गौहत्या की गई तथा हत्यारों ने कुछ अवशेष छोड़ दिया जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के समक्ष गौवंश के अवशेष जप्त किया। मौके पर मौजूद लोगों ने तिंदुआ बम्हनी के कुछ लोगों पर घटना के संबंध में शंका जाहिर किया है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि घटना को गंभीर मानते हुए इसकी गंभीरता पूर्वक जांच कर गौहत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही की जावे, जबकि 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार नहीं करने की दशा में ग्राम भिलाई स्थित सड़क पर घटना के आक्रोश को लेकर चकाजाम किया जावेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन व प्रशासन की होगी।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौंकी प्रभारी द्वारा मौके पर पहुंचकर गौवंश के अवशेष जप्त करते हुए गौवध की आशंका जताते हुए अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6, 9 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## आज मुख्यमंत्री मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से करेंगे भारत माता की प्रतिमा का अनावरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में आज मध्यप्रदेश के मुख्मंत्री डॉ. मोहान यादव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया जाना हैं। इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन,बालाघाट सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन, कुल गुरू राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा डॉ. आई वि त्रिपाठी एवं अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग पी.आर. चंदेलकर सहित जनप्रतिनिधियो तथा गणमान्य नागरिकों व जिले के प्रशासानिक अधिकारियों कि उपस्थिति में सम्पन होगा । प्रेस वार्ता के दौरान शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय ने बताया कि राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रेरित होकर भारत माता की प्रतिमा लगाये जाने हेतु विगत एक वर्ष से यह कार्य चल रहा था जो छात्र छात्राओं को महाविद्यालय परिषर में राष्ट्रीय भावना से जोडे. रखे , प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के बारे में प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने बताया कि आज दिनांक 06 जून को महाविद्यालय परिसर में



स्थापित भारत माता कि प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से 12 बजे से 2 बजे के बीच किया जाना है।

इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के जनप्रतिनिधी व समाजसेवी व जनभागीदारी समिति के सम्मानीय सदस्यों व भूतपूर्व छात्र छात्राओं व पालकगणों की उपस्थिति में समपन्न होगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग ने समस्त भूतर्पूव छात्र छात्राओं सहित नियमित छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में इस कार्यक्रम मे उपस्थित होने हेतु आव्हान किया।

### खबर संक्षेप

### आज नल नहीं आयेंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी द्वारा बताया कि 33 के वी पीएचई फीडर में मेंटनेंस नहीं होने के कारण ट्रिपिंग की संख्या बढ़ रही है। पीएचई फीडर का पोस्ट मानसून मेंटनेंस कार्य दिनांक 05/06/2025 को सुबह 08:30 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। विद्युत प्रवाह बंद हो जाने के कारण दिनांक 06/06/2025 को बंडोल फिल्टर प्लांट की टंकी से जुडे क्षेत्र एवं बबरिया फिल्टर प्लांट की टंकी से जुडे क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। पेयजल सप्लाई बाधित रहने की दशा में उन्होंने समस्त नागरिकों से कम से कम 01 दिवस का पानी संग्रहण करके रखने की अपील की है।

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 9 जून को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का ''मासिक सैनिक सम्मेलन'' दिनांक 09 जून 2025 को प्रातः 11.30 बजे कार्यालय भवन, इंद्रहंस नगर, फेस-।। प्लाट नं. 33 हाउस नं.1297, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सिवनी द्वारा सिवनी एवं बालाघाट जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को मासिक सैनिक सम्मेलन में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को जिला सैनिक कल्याण, अधिकारी, कर्नल, अमरेन्द्र कुमार दास (से.नि), जिला-सिवनी (म.प्र.) को अवगत करा सकते हैं।

### जन जन का अभियान बन रहा जल गंगा संवर्धन अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिले में जल एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन एवं संरक्षण को लेकर विविध गतिविधियां संचालित हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत जमुआ में जल संवर्धन लेकर चौपाल आयोजित कर ग्राम वासियों को जल की महत्वता से अवगत कराते हुए जल बचाने की अपील की गई तथा स्थानीय कुएं के आस-पास साफ सफाई एवं दीवार लेखन का कार्य किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती विनीता निवरेती सचिव, मोबिलाइजर, मेड ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## आज डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल में प्रावीण्य सूची छात्रों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

स्थानीय डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, ड्रीमलेंड सिटी सिवनी, के सत्र 2024-25 के कक्षा 10 वी एवं 12वी के छात्रों का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है सभी प्रतिभावान छात्रों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

इस उपलक्ष्य मे संस्था द्वारा दिनांक 06/06/2025 को अपरान्ह 12 बजे ड्रीमलैंड सिटी स्थित स्थानीय डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, सिवनी, विद्यालय परिसर मे सम्मान समारोह का आयोजन किया है। जिले एवं संभाग की प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले छात्र/छात्राओं मे कुमारी अनन्या तिवारी ( सुधीर कुमार तिवारी), कला संकाय 95 प्रतिशत, अराध्य चतुर्वेदी (डॉ के.के. चतुर्वेदी) गणित संकाय 94.8 प्रतिशत, अथर्व चतुर्वेदी (डॉ. के. के. चतुर्वेदी) बॉयोलॉजी संकाय 92.6 प्रतिशत, माही सेन ( जी.पी. सेन) कला संकाय 90.2 प्रतिशत, आंशी पारधी (महेन्द्र पारधी) कक्षा 10वी 90 प्रतिशत सहित 30 छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित है जिसमे छात्र/छात्राओं, अभिभवकों एवं मार्गदर्शक मण्डल

### तीन दिवसीय हनुमंत कथा का भव्य आयोजन

## दिव्य महा दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

घंसौर / स्थानीय श्री राम मंदिर में कथावाचक ब्रज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण - शास्त्री महाराज वृंदावन धाम द्वारा तीन दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन अत्यंत भव्यता एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। आयोजन स्थल को मनोहारी रूप से सजाया गया था जहाँ भक्तों ने दिव्य वातावरण में डुबकी लगाई। कथा - के दौरान भगवान हनुमान जी की लीलाओं, भक्तिमय जीवन और समर्पण की गाथा का संगीतमय वाचन हुआ, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभीर हो उठे। ब्रज बिहारी सरकार ने श्री हनुमान जी की जीवन यात्रा,संकटमोचनः स्वरूप और श्री राम भक्ति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे आज के युग में भी श्री हनुमान जी की उपासना से जीवन में सकारात्मकता, साहस और शक्ति प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर भव्य दिव्य दरबार का आयोजन भी किया गया, जिसमें अनेकों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। दरबार में भक्तों की समस्याओं कासमाधान, विशेष हनुमान चालीसा पाठ, आरती और भंडारे की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम



के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता को बढ़ावा देना एवंसांस्कृतिक



मूल्यों को पुनर्जीवित करना है। 90 दिवसीय गौ रक्षा जागरण यात्रा ब्रज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री महाराज के द्वारा निकाली जा रही है ब्रज बिहारी सरकार का लक्ष्य है सभी गौ माता को संरक्षित करना है एवं भारत सरकार से मांग की जा रही है कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए जिसके तहत ब्रज बिहारी सरकार के द्वारा चार राज्यों में यह यात्रा पहुंचेगी जिसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 90 दिवसी गांव रक्षा जागरण यात्रा का संदेश पहुंचेगा।

### चलती ट्रेन से गिर जाने से सिवनी की युवती मौत

**सिवनी।** केवलारी के बगलई गांव निवासी व वर्तमान निवासी भैरोगंज की गुंजन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटी 21 वर्षीय युवती की मौत हो गई। युवती की इंदौर में चलती ट्रेन से गिर जाने से मौत हो गई। सहेली का हाथ पकड़ते वक्त पैर फिसला, प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंसी, सिवनी लौट रही थी।

इंदौर रेलवे स्टेशन पर बुधवार रात चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही 21 वर्षीय छात्रा गुंजन शिवेदी की मौत हो गई। वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी और अपने घर सिवनी लौटने के लिए स्टेशन पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक, गुंजन अपनी सहेली रिषु के साथ इंदौर-जबलपुर ट्रेन से सिवनी जा रही थी। जैसे ही ट्रेन चलने लगी, रिषु तो चलती ट्रेन में चढ़ गई, लेकिन गुंजन ने उसका हाथ पकड़कर चढ़ने की कोशिश की। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई थी।



## हनुमान धाम गोपालगंज मे तपती धूप में रमाई धुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला मुख्यालय से महज 8 कि मी की दूरी पर स्थित NH 44 पर गंगा घाट मंशा पूर्ण हनुमान धाम गोपालगंज में नौतपा 25 मई से 06 जून तक संत बालयोगी दादा द्वारा तपती धूप में रमाई धुनी क्षेत्र की खुशहाली जन कल्याण के लिए कठिन तप साधना की आज गंगा दशहरा पर मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर के तत्वाधान में भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

## कलेक्टर ने संदीपनी विद्यालय छपारा का किया निरीक्षण

### परिक्षा परिणामों की समीक्षा कर बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को किया प्रोत्साहित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार संदीपनी विद्यालय छपारा का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर सुश्री जैन ने निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित भवन का सूक्ष्मता पूर्वक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन कर प्राचार्य तथा भवन निर्माण ऐजेंसी के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण उपरांत कलेक्टर सुश्री जैन ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम की व्यापक समीक्षा की साथ ही विद्यालयों के शिक्षकों का अपने छात्र जीवन का उदाहरण देते हुए प्रोत्साहन भी किया।

कलेक्टर सुश्री जैन ने विद्यालय के शतप्रतिश परीक्षा परिणाम वाले शिक्षकों की सराहना की तथा अधिक परीक्षा परिणाम लाने के लिए अपने सुझाव भी दिये। इस दौरान एसडीएम लखनादौन श्री रवि कुमार सिहाग, सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र कुमार मरकाम, तहसीलदार सुश्री ज्योति ठोंके सहित अन्य सभी अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## रेल्वे स्टेशन पर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी रेलवे स्टेशन पर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ (पंजाब) से भागकर आई महिला नेहा को ढूंढते हुए उसका पति सुखजिंदर सिंह सिवनी पहुंचा। जैसे ही स्टेशन पर सुखजिंदर की पत्नी से मुलाकात हुई, उसने उसे वापस साथ चलने के लिए कहा। पत्नी के इनकार करने पर पति ने आपा खो दिया और उसके बाल पकड़कर प्लेटफॉर्म पर पटक दिया। यह देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन आरोपी पति ने वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और यात्रियों से भी बदसलूकी की। इस बीच महिला ने मौका पाकर एक ट्रेन में चढ़कर फरार हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई करते हुए पति सुखजिंदर सिंह को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद उससे पूछताछ कर छोड़ दिया। कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि महिला चंडीगढ़ की रहने वाली है। पति का कहना है कि उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई थी, जिसे वह ढूंढते हुए सिवनी पहुंचा था।



## युवा किरार समाज सिवनी की जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अखिल भारतीय क्षत्रिय किरार समाज सिवनी के जिला अध्यक्ष श्री बृजमोहन पटेल के निर्देश और सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में युवा किरार समाज के अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र ठाकुर ने युवा किरार समाज सिवनी की कार्यकारिणी घोषित की। समाजहित और संगठन की मजबूती के उद्देश्य से घोषित इस कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर निम्नलिखित नियुक्तियाँ की गई हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर दिलाई गई शपथ

**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा कार्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस वर्ष की थीम ₹एकल उपयोग प्लास्टिक को न कहें, ई वेस्ट को कम करें। जिसमें पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली को



बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमएचओ डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने अपने उदबोधन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और स्वास्थ्य के आपसी संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रदूषित पर्यावरण कई बीमारियों की जड़ है और यदि हम स्वच्छ वातावरण को अपनाएं, तो हम न केवल प्रकृति को सुरक्षित रख सकते हैं, बल्कि खुद को भी स्वस्थ रख सकते हैं। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। साथ ही, प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने, जल संरक्षण, और स्वच्छता अभियान पर आधारित शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जन समुदाय को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त जिलेवासियों से अपील की कि वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएं।

### कृषि वैज्ञानिक एवं कृषकों कि बीच सतत सवांद

## कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि अधिकारी दे रहे हैं उन्नत खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 जिला सिवनी 29 मई से 12 जून 2025 सतत प्रारंभ है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के बेहतर संचालन हेतु निर्देशित किया गया है। इस हेतु कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सिवनी जिले के विकासखंड सिवनी, कुरई, घंसौर, छपारा, लखनादौन, बरघाट, धनौरा एवं केवलारी मे 08 दिनों में 72 ग्राम पंचायतों में विकसित कृषि संकल्प अभियान में वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को उन्नत खेती के लिए जानकारी प्रदान की जा रही हैं। कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के कृषि वैज्ञानिकों की 03 टीम डॉ. निखिल सिंह, इंजीनियर कुमार सोनी, डॉ वी.के. चौधरी(डीडब्लूआर), डॉ राजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ के.के. देशमुख, डॉ जी.के. राणा, डॉ के.पी.एस. सैनी के अलावा कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी दे रहे है। कृषि की नवीनतम तकनीक धान की डीएसआर विधि, किसानों को खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों की जानकारी, कृषि में ड्रोन का लाइव प्रदर्शन, प्राकृतिक, खेती की विधियों की जानकारी, फसल विविधीकरण व मशीन आधारित खेती के मॉडल, मृदास्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता एवं आवश्यकता,किसान और कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संवाद, संतुलित उर्वरकों का उपयोग, किसान नवाचार का प्रचार, आईसीटी और आधुनिक यंत्रों के उपयोग, से स्मार्ट कृषि, अधिक से अधिक किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ, नरवाई प्रबंधन कैसे करेंओर गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान की रैली निकाल कर जागरूक किया जा रहा है, साथ ही कृषि विभाग के अधिकारी ग्राम के सरपंच की उपस्थिति में कार्यक्रम का व्यवस्थित एवं सुचारु संचालन हो रहा हैं।

### पशुओं संबंधी घटनाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सिवनी।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा अति वृष्टि एवं बाढ की स्थिति में पशुओं संबंधी घटनाओं की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय पशु चिकित्सकों के दल का गठन किया गया है। जिसमें जिला स्तरीय एवं विकासखंड सिवनी अंतर्गत डॉ. जे.बी. जैन मो.नं. 9425898863 को, विकासखंड कुरई अंतर्गत डॉ. अमित रैकवार मो.नं. 9425857261, विकासखंड केवलारी अंतर्गत डॉ. बादल पटले मो. 9424742148, विकासखंड बरघाट अंतर्गत डॉ. आर.एस. शरणागत मो. नं. 9993965410, विकासखंड छपारा अंतर्गत डॉ. शीतल गौतम मो.नं.9424919981, विकासखंड घंसौर अंतर्गत डॉ. सत्येन्द्र कुशराम मो.नं. 8462020323 एवं विकासखंड धनौरा अंतर्गत डॉ. रविन्द्र नर्रे मो.नं. 8319343441 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## विराट सागर जी महामुनिराज का हुआ नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

गगनचुम्बी शिखरो से युक्त जिनालय व इतिहासिक रजत जिनेन्द्र अश्व रथ जैसी अनमोल विरासत के लिए विश्व प्रसिद्ध मध्य प्रदेश की धर्म नगरी श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन अतिशयक्षेत्र सिवनी मे दिनांक 04 जून 2025 दिनः- बुधवार को परम पूज्य समाधिस्थ संत शिरोमणि जनसंत आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक सुशिष्य व परम पूज्य नवपट्टाचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती परम पूज्य मुनि श्री विराट सागर जी महामुनिराज ससंघ 2 पीछी का भव्य नगर प्रवेश विशाल शोभायात्रा के साथ हुआ।

शोभायात्रा मे समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित हुये। भव्य



आगवानी के लिए मुख्य मार्गो पर तोरण द्वार व बैनर के माध्यम से आकर्षक सजावट की गई।

शोभायात्रा का मार्ग – गुरुकुल जैन मंदिर से प्रारंभ होकर कांग्रेस कार्यालय से त्रिकोना पार्क से कचहरी चौक से मिशन काम्प्लेक्स से गणेश चौक से होकर अपने गंतव्य स्थान नगर के मुख्य जिनालय पर पहुंची । तद्उपरांत मुनि श्री संघ के पावन सानिध्य मे नगर मूलनायक महाअतिशयकारी बड़े बाबा की शांतिधारा पूज्य श्री के श्री मुखारबिंद उच्चारित शांति मंत्र के माध्यम से की गई तद्उपरांत बाहुबली हाल परिसर मे पूज्य मुनि श्री प्रवचन हुये जिसके प्रारंभ मे परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया तद्उपरांत परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री व नवपट्टाचार्य श्री की पूजन की गई।

# जमीनी विवाद के चलते छोटे भाई ने की बड़े भाई की निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सावरी में एक एकड़ पैतृक भूमि को लेकर दो भाइयों में उपजे विवाद के बीच छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से हमला और डंडे से पीठ-पीठ कर निर्मम हत्या कर दी. पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी भाई को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया. न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है. अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सावरी में 1 एकड़ पैतृक जमीन को लेकर दो सगे भाइयों की शनिवार 31 मई को मारपीट हुई. छोटे भाई पवन परते ने अपने बड़े भाई प्रहलाद परते पर कुल्हाड़ी और डंडे से हमला कर दिया. इस घटना के बाद प्रहलाद को उपचार नहीं मिल पाया और मारपीट की घटना के 5 दिन बाद यानी बुधवार की शाम 4 बजे प्रहलाद की मौत हो गई. जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मृतक का शव बरामद किया. वही पूछताछ में मृतक के छोटे भाई ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 की कार्रवाई की गई है. गुरुवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव रिश्तेदारों को सौंपा गया।

मिली जानकारी अनुसार मृतक प्रहलाद परते पूर्व में पॉक्सो एक्ट के एक मामले का अपराधी था और इस मामले में सजा के तौर पर जेल में रहकर वापस आया था. जेल से बाहर आने के बाद अपनी मां के साथ ही गांव में रह रहा था. कच्ची शराब बनाकर और उसे बेचकर अपना पालन-पोषण कर रहा था. 31 मई को दोनों भाईयों के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया. जिसमें छोटे भाई ने बड़े भाई को कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. हमले के बाद बड़े भाई को उपचार नहीं मिल पाया. हालांकि गांव में मृतक को लेकर और भी अलग तरह की चर्चा चल रही है।

## बदबू से उद्यान आने वाले लोग परेशान, कहा- नगरपालिका तालाब बचाने को लेकर गंभीर नहीं

# मोती तालाब में दीनदयालपुरम कॉलोनी का गंदा पानी मिल रहा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के मुख्यालय स्थित मोती तालाब में दीनदयालपुरम कॉलोनी का गंदा पानी मिल रहा है। इससे तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। तालाब से उठने वाली बदबू से उद्यान में सैर करने आने वाले लोग परेशान हैं।

तालाब के पास रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक लालचंद पिपलेवार ने बताया कि दीनदयाल पुरम कॉलोनी का गंदा पानी सीधे तालाब में जा रहा है। पहले तालाब का पानी मोती जैसा साफ था। अब यह धीरे-धीरे हरा होता जा रहा है।



पूर्व पार्षद गगन सोनी ने बताया कि 4-5 साल से तालाब से तेज बदबू आ रही है। इससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तालाब को संरक्षित नहीं किया गया तो इसकी हालत भी देवी तालाब जैसी हो जाएगी।

मोती तालाब शहर का एकमात्र ऐसा उद्यान है जहां बड़ी संख्या में लोग सुबह-शाम सैर करने आते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि तालाब को बचाने के लिए नगर पालिका को गंभीर कदम उठाने होंगे।

नगर पालिका इंजीनियर सत्यम जाट ने बताया कि जल शोधन नियंत्रण का प्रस्ताव संचालनालय को भेजा गया है। प्रस्ताव मंजूर होते ही प्रदूषित पानी की सफाई शुरू कर दी जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन तथा सेवा निवृत्त माध्यमिक शिक्षिका का विदाई स्वरूप सम्मान

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



5 जून को शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनगांव परिसर की हरी-भरी वाटिका में विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थितों द्वारा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ निमित्त चन्दन, बिल्व सहित अनेक वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में विकासखण्ड के अनेकानेक शिक्षक -शिक्षिकाओं ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति में सेवानिवृत्त शिक्षिका केमेश्वरी दियेवार को उनके बिदाई अवसर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर गणेश प्रसाद सोनी प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी, आई एस ठाकरे प्रभारी प्राचार्य सहित अरविन्द कोरे, प्रमोद नागवंशी, एल एन बसेना, गिरधर राहंगडाले,सी एल चौधरी, जनशिक्षक अर्जून देशमुख व देवेजी, तन्मय घोरमारे, रोशन बानेवार, काशीराम रावते, कृष्णकुमार पारधी, ललित डहरवाल, शिवचरण खरे, बी आर वाघे व डोंगरे, कृष्ण कुमार देशमुख,एवं शाला परिवार से श्रीमती घोरमारे, देशमुख मैम, निखाड़े मैम,श्री कुमरे की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक व संचालक कमलचंद सोनी ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त कर सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# राजस्व व पंचायत के अमले ने संयुक्त रूप से हटाया अतिक्रमण



**बालाघाट**। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी श्री राजीव रंजन पांडेय के निर्देशन में गुरुवार को राजस्व अमले एवं मेहंदीवाड़ा ग्राम पंचायत के पंचायती अमले द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने के कार्यवाही की गई। वारासिवनी तहसीलदार द्वारा जानकारी दी गई कि तहसील अंतर्गत ग्राम महँदीवाड़ा में खसरा नम्बर 680/1 रकबा 0.622 हेक्टेयर मद रास्ता में से 18 वर्गमीटर पर सुरेश भीकाजी सुनार निवासी महँदीवाड़ा द्वारा दुकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था।जहाँ पर ग्राम पंचायत महँदीवाड़ा द्वारा यात्री प्रतीक्षालय बनाया जाना निर्धारित है। गुरुवार को अनुविभागिय अधिकारी वारासिवनी न्यायालय में अपीलीय प्रकरण में अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किये गए। जिसके परिणामस्वरूप राजस्व व पंचायत अमले द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

## दो बार वीरता पदक विजेता नागेंद्र सिंह का भोपाल ट्रांसफर

# राजगढ़ से आईपीएस आदित्य मिश्रा बालाघाट के नए एसपी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग ने बालाघाट में नए पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति की है। राजगढ़ से 2018 बैच के आईपीएस आदित्य मिश्रा को बालाघाट का एसपी बनाया गया है।

वर्तमान एसपी नागेंद्र सिंह को 25वीं वाहिनी विसबल, भोपाल में सेनानी के पद पर भेजा गया है। आईपीएस मिश्रा पहले बालाघाट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (बैहर) और एएसपी (नक्सल ऑपरेशन) रह चुके हैं।



उन्होंने बालाघाट के डबल मनी मामले में सफल कार्रवाई की थी। मिश्रा इंदौर में पुलिस उपायुक्त के पद पर भी रहे हैं। नक्सलवाद विरोधी अभियानों के लिए उन्हें दो बार वीरता पदक मिल चुका है।

नागेंद्र सिंह का स्थानांतरण 10 महीने के कार्यकाल के बाद हुआ है। उनके कार्यकाल में बालाघाट पुलिस को 29 साल बाद एक उल्लेखनीय सफलता मिली।

19 फरवरी को कान्हा के वनक्षेत्र में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने 62 लाख की इनामी चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। इनमें भोरमदेव कमेटी की एक कमांडर और तीन एससीएम स्तर की नक्सली थीं।

आशा, शीला, रंजीता और लख्खे मरावी में से तीन नक्सली 2015-16 से सक्रिय थीं। नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कांट्रेक्ट किलिंग, लूट और चोरी के मामलों को भी सुलझाया।

# "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" थीम पर आधारित विश्व पर्यावरण दिवस पर व्याख्यान, डॉक्यूमेंट्री और नवाचार का संगम

**बालाघाट**। पीएम एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्वक एवं सारगर्भित ढंग से किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीओएसटी) द्वारा प्रायोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एन. एम. कुरैशी के निर्देशन तथा डॉ. दुर्गेश अगासे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की प्राध्यापिका नीलिमा बागड़े ने ऑनलाइन माध्यम से पर्यावरणीय चेतना पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। वहीं कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. तनुश्री अगासे ने विद्यार्थियों को बहुत ही सरल और प्रभावशाली तरीके से पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों को समझाया, जिससे छात्रों को गहराई से विषय को समझने में मदद मिली। कार्यक्रम की विशेषता रही महाविद्यालय के पूर्व छात्र हर्ष तिवारी द्वारा एंटमोलॉजी (कीट विज्ञान) विषय पर दिया गया अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान।

# परिवहन में जोखिम बर्दास्त नहीं, ओवर लोडिंग व कंडम बसों के संचालन पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को नक्शा तरमीम, आरओआर इंट्री, फॉर्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी के कार्य हर दिन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि राजस्व कार्यो में यह अत्यंत आवश्यक कार्य है जो नियमित रूप से किये जाने है। उन्होंने आरबीसी 6/4 के तहत सड़क दुर्घटनाओं के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए है कि आरबीसी 6/4 शासन की अतिआवश्यक व्यवस्था है। जिसके लिए 30 दिन निर्धारित है, इन दिनों में गंभीर दुर्घटना में घायल हो या मृतक पूरी जांच करने के बाद आर्थिक सहायता प्रदान कर दी जानी चाहिए। कलेक्टर श्री मीना मानसून पूर्व तैयारियों के सम्बंध में निर्देश दिए है कि बाढ़ से प्रभावित गांवो में आवश्यक तैयारिया सुनिश्चित की जाए। भोजन राशन, बेरिकेट, बोट,दवाईयां और पशुओं के वैक्सीन इत्यादि पंचायतों में उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि परिवहन में जोखिम न लेने दे, कही भी ओवर लोडिंग सवारियां बिठाई जा रही है या कंडम



बसें संचालित हो रही है। आवश्यक रूप से शक्ति के साथ कार्यवाही की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री मधुवंत राव धुर्वे, श्रीमती राजनंदनी शर्मा,श्री राहुल नायक,डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल, एसएलआर श्रीमती वंदना कुसरे व तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार सभाकक्ष में तथा अनुभागों का अमला तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यालय से जुड़े।

# बकरीद सहित अन्य त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बकरीद सहित अन्य त्यौहारों के मद्देनजर गुरूवार की शाम साढ़े 06 बजे थाना परिसर कटंगी में शांति समिति की बैठक आहुत की गई. नवागत एसडीएम के.सी.ठाकुर की अध्यक्षता और एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में बैठक हुई. बैठक में तहसीलदार सुरेश उपाध्याय, सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले सहित मुस्लिम समुदाय के प्रमुख लोगों के अलावा गणमान्य नागरिक गण मौजूद रहे. नवागत एसडीएम ने पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन और विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली. जिसके बाद उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने-अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा पर्व चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में मनाना चाहिए. सभी लोगों के सहयोग से ही शांति कायम रखने का प्रयास होता है. कोई ऐसा कार्य नहीं होना चाहिए, जिससे किसी समुदाय की भावना को ठेस पहुंचे.

पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर एसडीओपी ने असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा की किसी भी तरह से साप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. एसडीएम ने मुस्लिम समाज के लोगों से पूछा कि बकरीद पर कहा-कहा नमाज अदा की जाएगी. जिस पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि तीन स्थानों पर नमाज अदा होगी. एसडीएम ने सीएमओ को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आदेशित किया।

## ईदगाह का किया निरीक्षण

शांति समिति की बैठक समाप्त होने के बाद एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने ईदगाह का निरीक्षण किया. उन्होंने बकरीद की नमाज के दौरान वाहनों की पार्किंग व्यवस्था और आवागमन में कोई परेशानी ना हो इस बात को सुश्चित करने के लिए निरीक्षण किया।

# ग्राम पंचायत शंकर पिपरिया में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छायादार फलदार पौधे लगा कर सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।




जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत शंकरपिपरिया में गुरुवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर विविध प्रजाति के फलदार और छायादार पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का निर्णय लेते हुए पौधो को मवेशी से बचाने के लिए संकल्पित हुए। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच लता मनीष पारधी ने पर्यावरण संरक्षण को बढावा देते हुए विविध प्रजाति के पौधे रोपे और उनकी देखभाल करने का निर्णय लिया। जनपद सदस्य पुजा बंटी नागपुरे ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया एंव लगाए गए पौधो की देखभाल करने का निर्णय लेते हुए, पौधो को सुरक्षित रखने एंव मवेशी से बचाने के लिए संकल्पित करते हुए प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़वा देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सबको जन्म दिवस के अवसर पर एक एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच लता मनीष पारधी ,जनपद सदस्य पुजा बंटी नागपुरे डोगरिया मोवाड, रोजगार सहायक, उपसरपंच, सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री द्वारा मॉयल की तिरोडी खदान को सम्मानीत किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून दिन गुरूवार के अवसर पर भोपाल में आयोजित एक भव्य समारोह में मॉयल लिमिटेड की तिरोडी खदान को खनन परिचालन के पर्यावरण संरक्षण श्रेणी में मध्यप्रदेश पर्यावरण पुरस्कार 2022-23 को सम्मानीत किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान मॉयल द्वारा अपनाई गई खनन प्रथाओं, पर्यावरणीय संतुलन को बनाये रखने के प्रयासों तथा हरित पहल के प्रति समपर्ण को मान्यता देता है। मॉयल की तिरोडी खदान में जल संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, अवशिष्ट प्रबंधन एवं हरित आवरण को बढाने जैसे उल्लेखनीय उपलब्धि हालि की है। मुख्यमंत्री के हस्ते यह पुरस्कार मॉयल के कार्यकारी निदेशक प्रशांत करैया और महाप्रबंधक सुरक्षा विकास परिदा एवं तिरोडी खान प्रबंधक मनीष ठोके के द्वारा ग्रहण किया गया।

इस उपलब्धि पर मॉयल के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक अजीत सक्सेना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और संगठन के पयरूरवरणीय मूल्यों का प्रमाण है। मॉयल सदैव सतत विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त यह पुरस्कार उन संगठनों को दिया जाता है जो उद्योग संचालन के दौरान पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम रखने के लिये सतत कदम उठाते है। इस वर्ष तिरोडी खदान ने जल संरक्षण, खनन क्षेत्र में वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता तथा भू-नियंत्रण उपायों में उत्कृष्टता दिखाई।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर एक पेड़ माँ के नाम तहत हुआ पौधारोपण

## पर्यावरण के रक्षक है पौधेः जोशी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट मुख्यालय सहित शाखाओं एवं समितियों में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के चलते पौधारोपण किया गया। मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में बैंक मुख्यालय में पी. जोशी प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बैंककर्मीयों के साथ पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता बालाघाट, श्रीमती अन्नमा हरपाल, राजेश नगपुरे, एम.एल. यादव, श्रीमती सीमा दुबे, सतीश कोरी, सृजह शाक्य, सारंग बिसेन, श्रीमती लता गौतम, श्रीमती रोशनी बिसेन, धनेन्द्र कटरे, प्रतीक कुण्डले, आशीष खाब्रागढ़े, अमरेश परिहार, नीरज बिसेन आदि उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया था। जिसमें राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता




बालाघाट, पी. जोशी प्र. सीईओ, मुकेश दुबे प्रबंधक सहकारी संघ, वाय.आर. बारमाटे संस्था प्रबंधक बालाघाट शामिल थे। जिनके द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 19 शाखा प्रबंधको आशीष मिश्रा, ऋषि बिसेन, सुनील राहंगडाले, जय कुमार नंदनवार, प्रकाश साहू, मोरेश्वर फुण्डे, ज्ञानचंद नेवारे, ऋषि हरिनखेड़े, आई.आर. भगत, मुकेश ठाकरे, आर.आर. भूरे, दीपक देशमुख, राजेश दुबे, अनिरूद्ध वागदे, दिलीप रामटेके, दीनदयाल ठाकरे, श्रीमती लता गौतम, भूमेश्वरी नागेश्वर द्वारा शाखाओं एवं सार्वजनिक स्थानों और 126 सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने भी अलग-अलग स्थानों में पौधारोपण किया। इस अवसर पर श्री जोशी ने बताया कि पर्यावरण के रक्षक है पौधे इसलिए प्रत्येक लोगो को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध रहे। आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया है। श्री जोशी ने निर्देशित किया कि मुख्यालय, शाखाओं और समितियों में किये गये पौधारोपण की देखभाल भी करनी है।

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA M.Sc.(CS)
DCA PGDCA
विशेषताएं:-

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass
& Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com